THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY PLANNING (SHRI A. K. KISKU): (a) No. Apart from the Employees State Insurance Scheme for certain categories of industrial workers, Government has no proposal for introducing a Health Insurance Scheme for the country as a whole,

(b) and (c). Do not arise.

दिल्ली में बने अनधिकृत मकानों में रहने वाली जनता की प्रतिशतता

1873. **श्री जगन्नाथ राव जोशी :**
श्री हरी सिंह :

क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बातने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में बड़ी संख्या में मकानों का अनधिकृत निर्माण हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो इस के क्या कारण हैं, और

(ग) कितने प्रतिशत लोग ऐसे मकानों में रहते हैं ?

संसदीय कार्य विभाग तथा निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ओम मेहता) :(क) और (ख).–जी, हां। यह कुछ तो अर्जन की कार्यवाही पूरी होने में समय लगने से तथा कुछ जनसंख्या के बढ़ जाने से तथा दिल्ली के बाहर से बड़ी संख्या में लोगों के आने के कारण हुआ है ;

(ग) कुल जनसंख्या से ऐसे व्यक्तियों की प्रतिशतता मालूम करने के लिए कोई विस्तृत सर्वेक्षण नहीं किया गया है।

साम्प्रदायिकता की शिक्षा देने वाले स्कूलों को सहायता बन्द करना

1874. **श्री रामावतार शास्त्री :**
श्री डी० के० पंडा :

क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने साम्प्रदायिकता की शिक्षा देने तथा प्रचार करने वाले स्कूलों को दी जाने वाली सहायता बन्द करने का निश्चय किया है; और

(ख) यदि हां तो निर्णय की मुख्य बातें क्या हैं और उक्त निर्णय का कब तक कार्य रूप दे दिया जायेगा ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उपमंत्री (श्री डी० पी० यादव) (क) और (ख). किसी भी शैक्षिक संस्था के प्राधिकारियों को जो ऐसी शिक्षा देती हों, जो विभिन्न धर्मों तथा भाषाओं, वर्गों अथवा जातियों अथवा समुदायों के बीच सौहार्द बनाए रखने में हानि कारक हो और जिससे सार्वजनिक अमन चैन में रुकावट पैदा हो अथवा जिससे रुकावट पड़ने की संभावना हो, भारतीय दंड संहिता की धारा 153(क) के अधीन दंड दिया जा सकता है। इसी प्रकार का अपराध सिद्ध हो जाने पर केन्द्रीय अनुदान, यदि कोई दी जा रही हो, तो वह शैक्षिक संस्थाओं को उपलब्ध नहीं होगी। इस बात की ओर राज्य सरकारों का भी ध्यान आकर्षित किया जा रहा है।